**सं. डीए-19/25/2024-डीए-डीओपी**

भारत सरकार

संचार मंत्रालय

डाक विभाग

(आईआर एवं जीबी प्रभाग)

डाक भवन, संसद मार्ग

नई दिल्ली - 110001

दिनांक : 03.10.2025

# <u>सार्वजनिक सूचना</u>

विषय:- कनाडा के लिए डाक सेवाओं का निलंबन।

सर्वसाधारण के ध्यानार्थ सूचित किया जाता है कि कनाडा डाक ने जानकारी दी है कि कनाडियन यूनियन ऑफ पोस्टल वर्कर्स (सीयूपीडब्ल्यू) 25 सितंबर 2025 से राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर है। इस हड़ताल के कारण, आगे इस संबंध में कोई सूचना प्राप्त होने तक कनाडा में डाक वस्तुओं की आवाजाही बंद रहेंगी। इसके अलावा, प्रस्तावित/पैनलबद्ध एयरलाइंसों ने भी कनाडा के लिए मेल बैग्स स्वीकार करने बंद कर दिए हैं।

2. तदनुसार, भारतीय डाक ने कनाडा के लिए सभी श्रेणियों की बुकिंग तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी है। इसके अलावा, कनाडा के लिए पहले से ही बुक की जा चुकी मेल वस्तुओं की डिलीवरी में वर्तमान परिस्थितियों के कारण विलंब होगा। उक्त निलंबन कनाडा डाक द्वारा अपनी सेवाओं के बहाल होने के संबंध में सूचित किए जाने तक लागू रहेगा।

-sd/-

(हिमांशु चौधरी)

सहायक महानिदेशक (आईएम)

प्रतिलिपि : महाप्रबंधक (सीईपीटी) को इस अनुरोध के साथ कि इसे भारतीय डाक की वेबसाइट पर प्रकाशित करें।